**Regarding construction of railway line from Latur to Bodhan and Nanded in Maharashtra-Laid**

डॉ**.** शिवाजी बंडाप्पा कालगे **(**लातूर**) :** मैं माननीय रेल मंत्रीजी से पूछना चाहता हूँ कि देश में राज्य सरकारों की अनुशंसा से रेल विस्तार में खास कर महाराष्ट्र में जो रेलवे लाइनों का विस्तार किया जा रहा है, वह अपेक्षाकृत संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है क्यों कि इस राज्य में आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में रेलवे विस्तार को गति नहीं मिल पाई है । चूंकि मैं लातूर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूं कि लातूर से बोधन रेल लाइन का विस्तार आजादी के समय से लंबित पड़ा है, कमोबेश यही हाल लातूर से नांदेड़ वाया लोहा तक का है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि व्यापक जनहित मैं इस नई रेलवे लाइन का विस्तार जल्द से जल्द हो ।